# झारखंड लोक सेवा आयोग

## सर्कुलर रोड, रांची – 834001

## विज्ञापन

| ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–25.10.2015 | विज्ञापन संख्या–08/2015 |
|---|---|

## झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (बेसिक ग्रेड) नियुक्ति परीक्षा

झारखण्ड राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1253 दिनांक 28.08.2015 के द्वारा **पशुचिकित्सक के पद** पर नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित–प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

1. **(i) पद का नाम– पशुचिकित्सक (Veterinary Doctor)**

   **(ii) विभाग द्वारा अधियाचित कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है :–**

| S.No. | Category | No. of vacancies |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| i | Unreserved | 08 |
| ii | SC | 02 |
| iii | ST | 04 |
| iv | BC-I | 01 |
| v | BC-II | 01 |
| Total of (i) to (v) | | 16 |

**(नोट :– स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की अधियाचना के अनुसार कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।)**

2. **वेतनमान** – **PB-II- 9,300-34,800 (Grade Pay – 5,400)**
3. **पद** – स्थायी
4. **परीक्ष्यमान अवधि** – 2 (दो) वर्ष
5. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हत्ता :–**
   1. भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम 1984 (1984 का 52) के सूची–I एवं II में उल्लिखित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थाान से पशुचिकित्सा विज्ञान में स्नातक (बी0भी0एस0सी0 एंड ए0एच0) की उपाधि प्राप्त तथा
   2. भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् या झारखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद् से निबंधित

